15. शब्द-भंडार

हिंदी भाषा का शब्द भंडार अनेक प्रकार के शब्दों से समृद्ध है। इस शब्द भंडार के अंतर्गत समानार्थी, विलोम, समरूपी भिन्नार्थक शब्द, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द, एकार्थक प्रतीक होने वाले शब्द आदि आते हैं।

शिक्षण-संकेत

- ❖ शिक्षक/शिक्षिका छात्रों को हिंदी के शब्द भंडार से अवगत कराएँ।
- ❖ समानार्थी, विलोम तथा अन्य शब्दों के बारे में पूछें। कुछ शब्दों के पर्यायवाची या विलोम छात्रों से जानें।
- ❖ बताएँ, विभिन्न प्रकार के शब्दों के प्रयोग से भाषा में सुंदरता आती है।
- ❖ पाठ पृष्ठ 106-113 पर दिए सभी पर्यायवाची, विलोम, अनेकार्थी, समरूपी भिन्नार्थक शब्द, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द आदि के शब्दों को छात्रों से पढ़वाएँ।
- ❖ सभी छात्रों को पढ़ने का यथोचित अवसर दें।
- ❖ शब्द-युग्म के बारे में समझाएँ। भिन्न-भिन्न प्रकार के शब्द-युग्मों को उदाहरणों की सहायता स्पष्ट करें।